तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 नया कप्तान चुनने जिले में पहुंचे कांग्रेस पर्यवेक्षक सांसद श्याम...




12 300 पंचायतों में से 92 में जल संकट, 166 में ...






## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने

इच्छुक छात्र आवेदन करें, अंतिम तिथि : 16/10/2025

फायर सेफ्टी के कोर्स

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति पर हमला निंदनीय : शिवसेना

**बेमेतरा।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के



छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव दाऊराम चौहान ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में हुई घटना निंदनीय है। यह हमला मुख्य न्यायाधीश पर नहीं, बल्कि देश के संविधान न्याय व्यवस्था पर था। सुप्रीम कोर्ट की घटना ने देश को सोचने पर मजबूर कर दिया है। क्या यह देश की दशा या दुर्दशा, अदालत जिसे न्याय का मंदिर कहा जाता है, वहीं मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की कोशिश ने न्यायपालिका की गरिमा को गंभीर चुनौती दी है। प्रदेश महासचिव दाऊराम चौहान सहित जिला प्रमुख गिरवर रजक, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष रामचरण वर्मा, जिला मीडिया व प्रवक्ता लक्ष्मण राजपूत, जिला महासचिव डोमेन्द्र राजपूत, जिला उप प्रमुख ईश्वर साहू, जिला सचिव कुलदीप आडिल, विधानसभा प्रमुख नारायण वर्मा ने उक्त घटना की निंदा करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्ति पर कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई ऐसा दूस्साहसिक, हरकत करने की हिम्मत ना कर सके।

### मुक्त विवि में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 तक बढ़ी

**नवागढ़।** पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ के अधीन शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ के अध्ययन केंद्र में विद्यार्थियों के लिए अब 15 अक्टूबर तक प्रवेश लेने का अवसर रहेगा। पहले यह तिथि 31 अगस्त निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ा दिया गया है। अध्ययन केंद्र प्रभारी अजीत सनम ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा स्तर के विभिन्न कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुलभ और किफायती उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है। एसटी, एससी, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना लागू है। इस योजना का लाभ लेने के लिए विद्यार्थियों को आवश्यक प्रमाण पत्रों सहित समय पर आवेदन करना होगा। श्री सनम ने बताया कि छात्रवृत्ति योजना के तहत योग्य छात्रों को कम खर्च में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। मुख्य पाठ्यक्रम बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम., बी.बी.ए., एम.ए. (हिन्दी, अंग्रेजी, छत्तीसगढ़ी, समाजशास्त्र, राजनीति, गणित), एम.कॉम., एम.एस.सी., एम.बी.ए., डीसीए, पीजीडीसीए, योग विज्ञान, जीएसटी और मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसे डिप्लोमा कोर्स शामिल हैं। अध्ययन केंद्र प्रभारी ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि से पहले प्रवेश लेकर मुक्त विश्वविद्यालय की लचीली शिक्षा व्यवस्था का लाभ उठाएं और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

### टायर फटने से कार सवार तीन लोग बुरी तरह घायल

**दुर्ग।** भिलाई टाउनशिप में सेंट्रल एवेन्यू रोड में एक भीषण सड़क हादसा हुआ। बीती रात 11 बजे एक सेडान कार सीजी 07 सीएक्स 6221 तेज रफ्तार में जा रही थी। जैसे ही वो सेक्टर 7 सेंट्रल एवेंन्यू रोड में पहुंची अचानक कार का टायर फट गया। कर इतनी रफ्तार में थी कि रेलिंग से टकराते हुए 10-20 मीटर तक घिसटते हुए चली गई।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से राधिका को मिली नई ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आधुनिक प्रतिस्पर्धा के इस युग में जहां हर व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की जद्दोजहद में लगा हुआ है, वहीं मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। यह सर्वविदित है कि किसी व्यक्ति का संपूर्ण विकास मां के गर्भ से ही आरंभ होता है। गर्भावस्था के दौरान लिए गए संतुलित आहार और पोषण से न केवल मां का स्वास्थ्य बेहतर रहता है, बल्कि शिशु का भी समुचित विकास होता है।

ग्राम मोहभट्ठा सेक्टर देवरबीजा-02, विकासखण्ड बेरला निवासी राधिका ने अपने जीवन में इस बात को पूरी तरह आत्मसात किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता योगेश्वरी यादव द्वारा गृहभेंट के दौरान राधिका को नियमित रूप से संतुलित आहार, स्वच्छता, और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभों के बारे में बताया गया। राधिका का गर्भ का पांचवां माह पूर्ण होते ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत प्रथम किस्त हेतु पंजीयन किया गया। कार्यकर्ता और पर्यवेक्षक द्वारा उसे कैल्शियम, आयरन तथा रेडी टू ईट आहार का उपयोग करने के लिए निरंतर प्रेरित किया गया।

**मिलने वाली सहायता बनी वरदानः** गर्भावस्था के दौरान जब राधिका ▶▶| शेष पेज 12 पर

## राधिका ने संतुलित आहार, स्वच्छता और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभों को गिनाया

### योजना से मिला सुरक्षित मातृत्व

राधिका बताती हैं कि यह राशि उनके और उनकी बच्चियों के लिए "रामबाण" साबित हुई। इससे उन्हें बेहतर आहार, स्वास्थ्य देखभाल और बच्चों के लिए पोषण सामग्री की व्यवस्था में मदद मिली। वर्तमान में राधिका और उनकी जुड़वा बच्चियाँ पूरी तरह स्वस्थ हैं तथा उन्हें महिला एवं बाल विकास विभाग की अन्य योजनाओं - जैसे पूरक पोषण आहार, टीकाकरण, एवं स्वास्थ्य परामर्श सेवाओं का लाभ निरंतर मिल रहा है।



### सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में पहल

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से बेमेतरा जिले में हजारों गर्भवती एवं धात्री माताओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। यह योजना मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने, पोषण स्थिति सुधारने तथा महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## राष्ट्रीय स्तरीय कुश्ती स्पर्धा के लिए टिकेश का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नियमित अभ्यास से व्यक्ति अपने मुकाम को प्राप्त कर ही लेता है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्दा विकासखंड नवागढ़ कक्षा ग्यारहवीं साइंन्स के छात्र टिकेश यादव 25 वीं राज्य कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल लेकर राष्ट्रीय स्तर के कुश्ती प्रतियोगिता के लिये चयन हुआ है। छात्र व्यायाम व खेलकूद शिक्षक राजकुमार पटेल के मार्गदर्शन मे लगातार अभ्यास करते रहे और परिश्रम के प्रतिफल अपना प्रदर्शन भी बखूबी किया। जिससे उन्होंने गोल्ड मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाया।

संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार तिवारी व स्टॉफ ने शुभकामनायें प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही संकुल समन्वयक (सीएससी) कौशल साहू, पूर्व माध्यमिक शाला मल्दा के प्रधान पाठक कुमार साहू, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक राधेश्याम सिंह बैस ने भी छात्र, शिक्षक व संस्था के समस्त स्टॉफ को बधाई देकर छात्र को राष्ट्रीय स्तर पर सफल होने की शुभकामनायें प्रदान की है। संस्था ग्राम पंचायत परिवार व समाज के लोगों ने बधाई प्रेषित कर आगे निरन्तर बढ़ने की शुभकामनाएं दी है।

### बेसिक स्कूल मैदान में विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे

# मुख्यमंत्री साय आज बेमेतरा आयेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 9 अक्टूबर को एक दिवसीय प्रवास पर जिला मुख्यालय आएंगे। उनके आगमन के अवसर पर बेसिक स्कूल मैदान बेमेतरा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें वे जिले को अनेक विकास कार्यों की सौगात देंगे एवं हितग्राहियों से सीधे संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री साय का आगमन दोपहर 12.30 बजे प्रस्तावित है। आगमन उपरांत वे विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करेंगे। इसके पश्चात वे करोड़ों की लागत से तैयार विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। मुख्य मंच पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। महतारी वंदन योजना एवं बिहान की दीदियों द्वारा मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया जाएगा। कलेक्टर रणबीर शर्मा कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देंगे। इसके बाद अतिथिगण जनसमूह को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री साय अपने उद्बोधन में जिले के विकास, जनकल्याण योजनाओं एवं आगामी प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री, प्रमाणपत्र एवं चेक वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह, बाल वृक्ष एवं जैकेट भी भेंट किए जाएंगे।

### मंत्री बघेल ने तैयारियों का लिया जायजा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रवास को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम दोपहर 2.30 बजे मुख्यमंत्री के प्रस्थान के साथ समाप्त होगा। इस दौरान प्रदेश के खाद्य मंत्री एवं जिले के नवागढ़ विधायक दयाल दास बघेल ने बेसिक ग्राउंड मे होने वाले हितग्राही सम्मेलन कार्यक्रम तैयारियों का कलेक्टर रणवीर शर्मा, अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि के साथ सभा स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया एवं उन्होंने आमजनों की बैठक व सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिए।

## शिविर में 6 यूनिट रक्तदान हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला जेल द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 6 यूनिट रक्तदान हुआ। यह आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहडेलकर और सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू के निर्देश पर किया गया था। इस शिविर में जिला जेल प्रभारी राहुल पांडे, जिला अधीक्षक, दीक्षा अँगारे फार्मासिस्ट और अन्य जेल अधिकारी मौजूद थे। रक्तदाता निलेश बंजारे, सुनील सिवारे, नंद कुमार, राम कृष्ण, राधे कुमार और चंदन राम पटेल ने रक्तदान किया। पैथोलॉजिस्ट डॉ. पी.आर. पोपटानी, भूपेंद्र कुर्रे एमएलटी, धंन्नू वर्मा एमएलटी, कुलेश्वरी साहू ब्लड काउंसलर, राम चरण साहू वाहन चालक और सहायक कर्मचारी राकेश वर्मा ने सफल आयोजन में योगदान दिया। जिला अस्पताल बेमेतरा ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और धन्यवाद दिया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के हिस्से के रूप में किया गया था, जिसका उद्देश्य समाज में रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देना और लोगों की जान बचाने में मदद करना है।

## दो बाइक में भिड़ंत और तीन हुए घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नवागढ़ शहर में बुधवार की शाम उस समय अफरातफरी मच गई जब एसडीएम कार्यालय के सामने दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलें आमने-सामने टकरा गईं। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और तत्काल 108 एंबुलेंस को बुलाया गया।

एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को नवागढ़ सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए रिफर कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि तीनों के पैरों में फ्रैक्चर की आशंका है। घायलों की पहचान तारण पिता भागवत पाल (20 वर्ष) और कोहिनूर पिता यशवंत कुर्रे (20 वर्ष ) के रूप में हुई है, जो नवागढ़ से बेमेतरा की ओर जा रहे थे। दूसरी बाइक पर भूपेंद्र देवांगन पिता दुखराम देवांगन (29वर्ष ) सवार था, जो मेन रोड से राममंदिर की ओर जा रहा था। तीनों युवक नवागढ़ शहर के ही निवासी बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों बाइकों को जब्त करते हुए हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### शहर में तेज रफ्तार और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी बनी आम बात

नवागढ़ नगर में इन दिनों ट्रैफिक नियमों की अनदेखी और युवाओं में ओवरस्पीडिंग का चलन तेजी से बढ़ रहा है। शाम के समय मुख्य सड़कों पर कई युवक बिना हेलमेट और तेज गति से बाइक दौड़ाते नजर आते हैं। पुलिस की निगरानी और कार्रवाई सीमित होने से सड़क पर लापरवाह ड्राइविंग आम हो चुकी है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से सख्त ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने और मुख्य मार्गों पर नियमित पेट्रोलिंग की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

### मायके से 5 लाख लाने के लिए प्रताड़ना, पति सास, ससुर पर केस दर्ज

**भिलाई।** मायके से 5 लाख रुपए के लिए प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने महिला तबस्सुम निशा (28 वर्ष) की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। शिकायत पर महिला के पति सलमान परवेज, सास नजबुन निशा और ससुर कय्यूम अली के खिलाफ धारा 498, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। महिला ने पुलिस से की लिखित शिकायत में कहा कि 14 नवंबर 2022 को उसका निकाह ढांचा भवन कुरूद जामुल निवासी सलमान परवेद से हुई थी। शादी के 20 दिन बाद से मायके से कुछ नहीं लाई हो कहकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

## साजा में मधुमक्खियों का बढ़ता आतंक, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

■ सरकारी कॉलोनी और विश्रामगृह पर बड़ा खतरा

शहर में मधुमक्खियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आम जनता और शासकीय अधिकारी दोनों ही दहशत में हैं। पहले से ही विश्रामगृह जहां वीआईपी (VIP) लोगों का लगातार आना-जाना लगा रहता है। वहां मधुमक्खियों का बड़ा डेरा है। अब यह खतरा बढ़कर सरकारी कॉलोनी तक पहुंच गया है, जहां मधुमक्खियों ने जमकर बड़े-बड़े छाते बना लिए हैं। स्थिति यह है कि इस कारण आए दिन लोग मधुमक्खियों के डंक का शिकार हो रहे हैं। यह



समस्या खास तौर पर जनपद और रजिस्टर ऑफिस के सामने स्थित शासकीय कॉलोनी में बनी हुई है। कॉलोनी में अधिकारियों के क्वार्टरों के ठीक पीछे विशाल मधुमक्खी के छाते बने हैं, जिसके शिकार प्रतिदिन दो-चार लोग हो रहे हैं।

हाल ही में हुई एक घटना में, कई लोगों को अपनी जान बचाने के लिए जनपद के पास बने एक छोटे से आश्रय में कूदना पड़ा। चिंता की बात यह है कि इस कॉलोनी में ब्लॉक के सभी बड़े अधिकारियों का निवास है, फिर भी इस गंभीर समस्या को दूर करने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि जल्द ही इन मधुमक्खियों के छत्तों को नहीं हटाया गया, तो यह लापरवाही आने वाले समय में किसी बड़ी और दुर्भाग्यपूर्ण घटना को जन्म दे सकती है। प्रशासन को इस जानलेवा खतरे को गंभीरता से लेते हुए, विश्रामगृह और शासकीय कॉलोनी दोनों स्थानों से छत्तों को हटाने के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि लोगों को सुरक्षित किया जा सके।

### अंकेक्षण टीम ने किया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव का आंकलन

# सामाजिक अंकेक्षण है शिक्षा गुणवत्ता की परख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के तहत सामाजिक अंकेक्षण के लिए प्रश्नावली, हाई, हायर सेकण्डरी स्तर के लिए प्रश्नावली एवं सहायक सामग्री, सांकेतिक, लर्निंग आउटकम, अनुलग्नक आदि विषयों पर सामाजिक अंकेक्षण टीम प्रमुख देवीसिंह गायकवाड़, व्याख्याता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनन्दगांव और सामाजिक अंकेक्षण प्रविष्टिकर्ता देवधर कुमार देवांगन व्याख्याता बारगांव अपने विद्यालयीन शिक्षकों द्वारा किया गया।

कक्षा नवमी, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों ने उपरिलिखित विषयों के विभिन्न पहलुओं पर पूछे गये प्रश्नों के सार्थक उत्तर दिये। इस मौके पर भाजपा सरदा मंडल



अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि सच्चिदानंद मिश्रा, उपसरपंच टिकेश वर्मा, मयंक अग्रवाल, व्याख्याता शिक्षकों में श्याम सिंह, श्याम सुंदर साहू, हिमांचल साहू, संजय बंछोर, डीआर साहू, महेश बांधे, डीजी रानी साहू, भीष्म देव साहू, हरीश साहू, पूर्णिमा साहू, तुलसी साहू और व्यावसायिक शिक्षक विनोद साहू एवं भूपेश सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन पर फोकसः** टीम प्रमुख देवीसिंह गायकवाड़ ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के घटकों का त्वरित क्रियान्वयन कर बच्चों की सीखने की उपलब्धियों में सुधार लाना है। सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित कर शिक्षा की गुणवत्ता पर ठोस प्रभाव लाने का प्रयास किया जा रहा है।

### राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की भूमिका

सामाजिक अंकेक्षण के लिए प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं हाई-हायर सेकंडरी स्तर पर प्रश्नावली तैयार करने और प्रशिक्षण देने का कार्य राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा किया गया है। समग्र शिक्षा इस कार्यक्रम के नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर रही है। सामाजिक अंकेक्षण प्रविष्टिकर्ता देवधर कुमार देवांगन ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण के दौरान ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### कुत्तों के आतंक से जनता परेशान

दुर्ग। मुख्य सड़कों से लेकर गली-मोहल्लों तक कुत्तों के झुंड घूमते नजर आते हैं, जो राहगीरों, बाइक वालों और बच्चों के लिए खतरा बने हुए हैं। दीपक नगर के वासियों ने बताया कि कुत्ते अक्सर बाइक सवारों के पीछे दौड़ पड़ते हैं,जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। राह चलते लोगों को काटने के प्रयास में वे हमला करते हैं और कई लोग इनसे बचने के चक्कर में घायल हो जाते हैं, बच्चे इस समस्या से सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं। वे खेलते-खेलते या स्कूल जाते समय इन कुत्तों का निशाना बन जाते हैं। सुबह की सैर करने वाले बुजुर्गों और देर रात घर लौटने वाले कामकाजी लोगों के लिए यह स्थिति और भी भयावह है। लोगों ने सुझाव दिया कि नगर निगम और जिला प्रशासन को मिलकर कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और सुरक्षित स्थानांतरण जैसे उपाय अपनाने चाहिए साथ ही आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कलेक्टर से इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

### छत्तीसगढ़ हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन

दुर्ग। छ.ग. शासन ग्रामोद्योग विभाग द्वारा रजत जयंती के अवसर पर कोसा एवं कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़ हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी सह विक्रय का आयोजन 6 से 12 अक्टूबर तक अग्रसेन भवन स्टेशन रोड दुर्ग में किया जा रहा है।

### बस स्टैंड में लावारिस मिली महिला की मौत

दुर्ग। नया बस स्टैंड में लावारिस मिली महिला की मौत हो गई है। मृतका का नाम द्रोपती (60 वर्ष) बताया गया है। जिला अस्पताल दुर्ग में 10 सितंबर को लाया गया था। 108 ने उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया था। महिला बेमेतरा की रहने वाली बताई गई है। बेमेतरा थाना से पतासाजी की जा रही है, लेकिन अब तक कोई पहचान वाले नहीं पहुंचे हैं।

### जिला पंचायत के सभागार में कलेक्टर ने ग्रामीण विकास विभाग की ली बैठक

# 300 पंचायतों में से 92 में जल संकट, 166 में भी हालत बेहतर नहीं, 42 ग्रीन जोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा पंचायतों में संचालित निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमोदित लेबर बजट और मानव दिवस सृजन व युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजना शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिये गये। जिले की कुल 300 ग्राम पंचायतों में से 92 जल संकट ग्रसित, 166 अर्द्ध जल संकट ग्रसित तथा 42 ग्रीन ज़ोन क्षेत्र के रूप में केंद्रीय भू-जल बोर्ड द्वारा चिन्हांकित किये गये हैं। अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों की कार्य योजना में इन क्षेत्रों को सम्मिलित करने के निर्देश दिये गये। युक्तधारा पोर्टल पर दो श्रेणियों में कार्य प्रस्तावित हैं। पहली श्रेणी में वृक्षारोपण, तालाबों में मछली पालन, रिचार्ज पिट और नाली निर्माण जैसे कार्य शामिल होंगे, वहीं दूसरी श्रेणी में पशु शेड, आंगनबाड़ी भवन, मुक्तिधाम शेड जैसे निर्माण कार्य रखे जायेंगे। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इन कार्यों की योजना तैयार करने को कहा गया। बैठक में सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि जिले में अब तक 130 अमृत सरोवर निर्माण किया जा चुका है। उनमें से 69 में आजीविका गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। शेष सरोवरों में शीघ्र आजीविका गतिविधियाँ जैसे मत्स्य पालन, बत्तख पालन और सिंघाड़ा उत्पादन शुरू करने के निर्देश दिए गए है। स्व-सहायता समूहों को इस दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए कहा गया।




### पीएम आवास के 1603 मकानों का निर्माण नहीं

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में जनपद पंचायत धमधा के 889, दुर्ग के 283 और पाटन के 431 कुल मिलाकर 1603 आवास अपूर्ण हैं। जनपद धमधा द्वारा 20 अक्टूबर 2025 तक 300, दुर्ग द्वारा 150 तथा पाटन द्वारा 300 आवास पूर्ण करने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने सभी आवासों को तय समय में पूर्ण करने के निर्देश दिये। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना के 649 अप्रारंभ आवासों को अक्टूबर 2025 के अंत तक प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत कुल 212 छत स्तर आवासों को अक्टूबर माह के अंत तक, 279 छत स्तर आवासों को नवंबर के अंत तक तथा 207 लिंटल स्तर आवासों को दिसंबर के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गये हैं। साथ ही 1952 (2024-25), 1097 (2025-26) तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के 648 अपात्र हितग्राहियों की सूची को अपीलीय समिति की स्वीकृति के पश्चात राज्य कार्यालय को भेजने हेतु निर्देश दिये गये।

### महिलाओं को दी जाएगी मेसन ट्रेनिंग, जोड़ा जाएगा रोजगार से

सभी जनपदों को आर-सेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) के माध्यम से रूरल मेसन ट्रेनिंग के लक्ष्यों को शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण करने को कहा गया है। जिन हितग्राहियों का एनपीसीआई मैपिंग नहीं हो पाया है, उनके बैंक खातों का मैपिंग कार्य तीन दिवस के भीतर पूर्ण करने हेतु संबंधित सचिव, नोडल अधिकारी एवं रोजगार सहायकों की ड्यूटी लगाने को कहा गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बिहान मॉडल सीएलएफ को वितरण केन्द्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये गये। साथ ही सीएमटीसी के लिए 15 दिवस में भवन चयन कर उसे स्थापित करने तथा जीआरसी की स्थापना हेतु दुर्ग एवं पाटन जनपद में भवन चयन कर खाता खोलने व स्क्रीनिंग कमेटी से स्वीकृति प्राप्त करने को कहा गया। लखपति महिला पहल योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्राप्त 42664 लक्ष्यों की त्रैमासिक आय प्रविष्टि आजीविका सीआरपी के माध्यम से समय पर कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### शौचालयों का अधूरा निर्माण, कलेक्टर ने जताई नाराजगी

समीक्षा बैठक में सामुदायिक शौचालयों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। कुल 433 स्वीकृत शौचालयों में से 419 पूर्ण हो चुके हैं जबकि 09 कार्य प्रगति पर हैं। दुर्ग जनपद के ग्राम झोला एवं धमधा जनपद के ग्राम ढौर (खे) में शौचालय निर्माण कार्य अधूरा है, जिसकी राशि पूर्व सरपंच एवं सचिव द्वारा खर्च कर ली गई है। कलेक्टर ने इस संबंध में वसूली की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही 404 पूर्ण हो चुके सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील रखने व समूहों को संचालन हेतु सौंपे जाने के निर्देश भी दिए गये। हॉट बाजार एवं मुख्य राज्य मार्गों के समीप आवश्यकतानुसार भौतिक सत्यापन कर नये शौचालय निर्माण के प्रस्ताव भेजने तथा उन्हें आजीविका से जोड़ते हुए संचालन की कार्य योजना बनाकर एमओयू प्रस्तुत करने पर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने की बात कही गई। बैठक में संचालक पंचायत आकाश सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

## पेज 11 के शेष

### प्रधानमंत्री मातृ ...

को पता चला कि वह जुड़वा बच्चों की मां बनने वाली है, तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ऐसे समय में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की पहली किस्त 3,000 उसके खाते में प्राप्त हुई, जो उसके लिए बेहद उपयोगी सिद्ध हुई। राधिका ने इस राशि का सदुपयोग अपने पोषण और स्वास्थ्य सुधार में किया।

प्रसव के पश्चात राधिका ने जुड़वा दो बच्चियों को जन्म दिया। जब बच्चियों का प्रथम टीकाकरण चक्र पूर्ण हुआ, तब योजना के अंतर्गत द्वितीय किस्त के लिए आवेदन किया गया। जल्द ही राधिका को डीबीटी के माध्यम से 2,000 की दूसरी किस्त भी प्राप्त हो गई। इस प्रकार उसे कुल 5,000 की राशि सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित की गई।

**शासन के प्रति आभार:** राधिका कहती हैं कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ने मेरे जैसे अनेक माताओं को सशक्त बनाया है। गर्भावस्था के समय मिली आर्थिक सहायता ने मुझे और मेरी बच्चियों को स्वस्थ जीवन की राह दिखाई। इसके लिए मैं शासन एवं महिला बाल विकास विभाग की आभारी हूं।

### सामाजिक अंकेक्षण ...

समुदाय से कुल 20 प्रश्नों पर जानकारी एकत्र की जा रही है। इसमें बच्चों की पठन क्षमता, गणितीय कौशल, शिक्षकों की उपस्थिति, पुस्तकालय उपयोग, परीक्षा परिणाम, स्थानीय भाषा के उपयोग जैसे पहलू शामिल हैं। इसी के साथ समुदाय से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर विद्यालयों की स्थिति का विश्लेषण किया जाएगा।

**ऑनलाइन प्रविष्टि और समीक्षा प्रक्रिया:** अंकेक्षण के बाद भरे गए प्रपत्रों पर समुदाय के हस्ताक्षर लेकर उन्हें विकासखंड स्तर पर जमा किया जाएगा, जहां ऑनलाइन प्रविष्टि की जाएगी। विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण कर कमजोर प्रदर्शन करने वाली शालाओं की सूची तैयार की जाएगी। इन शालाओं का निरीक्षण जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा किया जाएगा, ताकि आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सके।

**20 अक्टूबर तक उपलब्ध होगी रिपोर्ट :** सामाजिक अंकेक्षण की रिपोर्ट के आधार पर 20 अक्टूबर तक जिलों को कमजोर प्रदर्शन करने वाली शालाओं की सूची उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके आधार पर संबंधित अधिकारियों को स्कूल आबंटित किए जाएंगे, ताकि वे सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कर सकें। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत किया जा रहा यह सामाजिक अंकेक्षण न केवल शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह समुदाय को भी विद्यालयों की प्रगति में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करता है।

# अर्थदंड के रूप में वसूले गए 4.02 लाख रुपए एजुकेशन और हेल्थ सुविधाएं बढ़ाने में होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

न्याय व्यवस्था के मानवीय पक्ष को प्रमुखता देते हुए उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने माह जुलाई में बाल गृह और बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए बड़ी पहल की है। उन्होंने विभिन्न न्यायालयीन प्रकरणों में 11 सितंबर 2024 से 11 जुलाई 2025 तक की अवधि के लिए वसूली गई अर्थदण्ड कुल 4 लाख 2 हजार रुपये की राशि बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, खेल सामग्री, शिक्षाप्रद पुस्तकें और मानसिक विकास से जुड़ी गतिविधियों के उपयोग के लिए इन बच्चों की देखरेख करने वाली संस्थाओं के पास जमा कराने का आदेश दिया था। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित नालसा के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा मानवता एवं न्याय के संवैधानिक मूल्यों को साकार करते हुए एक निर्धन एवं जरूरतमंद बालक को संदीपनी बालक छात्रावास फरीद नगर भिलाई एवं उसी परिसर में स्थित शासकीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने में अहम भूमिका निभाई गई। उत्कल नगर निवासी 6 वर्षीय बालक की माता के देहांत के कारण बच्चे के पालन पोषण की जिम्मेदारी उसके पिता पर आ गई थी।







छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र
यशस्वी मुख्यमंत्री
माननीय श्री विष्णु देव साय जी
का
वंदन
अभिनंदन
कल्पना योगेश तिवारी
अध्यक्ष - जिला पंचायत बेमेतरा
योगेश तिवारी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सर्व हिंदू सनातन संगठन एवं
भाजपा किसान नेता, बेमेतरा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### नवपदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय दुबे से सौजन्य भेंट-मुलाकात किया

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल कवर्धा के नवपदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय दुबे से सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया गया। साथ ही जिले के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसमें चिकित्सा प्रतिपूर्ति, सर्विस बुक संधारण, वरिष्ठता सूची व प्रधान पाठक के 45 पदों पर पदोन्नति आदि शामिल है। इन सभी समस्याओं का निराकरण यथाशीघ्र करने का भरोसा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा, प्रांतीय सदस्य राजेंद्र कुमार शर्मा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष केशलाल साहू, जिला उपाध्यक्ष नवीन ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र चंद्रवंशी, लता चन्द्रवंशी, लखीराम बरिहा, चन्द्रशेखर बघेल सहित अधिक संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### विसर्जन के बाद सभापति बिहारी धुर्वे ने कराया पंडाल स्थल की साफ-सफाई

**हरिभूमि कवर्धा।** नगर पालिका कवर्धा के सभापति एवं वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद बिहारी धुर्वे ने नवरात्रि पर्व के समापन अवसर पर माता रानी के विसर्जन के बाद पंडाल स्थल की साफ-सफाई अभियान चलाया गया। नवरात्रि में वार्ड व क्षेत्र में बने पूजा पंडालों के आसपास विसर्जन उपरांत फैली गंदगी को देखते हुए सभापति ने स्वयं मौके पर पहुंचकर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को तुरंत सफाई करने के निर्देश दिए। श्री धुर्वे के निर्देशन में नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने पंडाल स्थल के आसपास जमा कचरा, फूल-मालाएं और प्लास्टिक सामग्री को हटाकर क्षेत्र को पूरी तरह साफ किया। साथ ही मच्छर एवं दुर्गंध की रोकथाम के लिए दवाई का छिड़काव भी कराया गया। सभापति बिहारी धुर्वे ने इस अवसर पर कहा कि धार्मिक आयोजनों के बाद स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि किसी भी कार्यक्रम या उत्सव के बाद सफाई व्यवस्था में नगर पालिका का सहयोग करें।

### पथर्रा में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम संपन्न

**कवर्धा।** बुधवार को संकुल पथर्रा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व हाई स्कूल में शासन प्रशासन के योजनांतर्गत मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता सामाजिक अंकेक्षण सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यार्थियों, शिक्षक और विद्यालय से संबंधित 20 बिंदु में सवाल थे। संकुल के विद्यार्थियों का जवाब औसत से बेहतर रहा मौखिक सवाल बच्चों से किया गया 20 बिंदुओं में जिसमें विद्यार्थी अपने घर में पढ़ाई का कोना, सजीव निर्जीव के सम्बन्ध में, अंग्रेजी शब्दों से वाक्य निर्माण, ग्लोब और मानचित्र में देश की स्थिति, इको क्लब, विद्यार्थी एवं शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थी का गृहकार्य, विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता परीक्षा जैसे इंस्पायर्ड अवार्ड, एनएमएमएसई व मध्यान्ह भोजन जैसे महत्वपूर्ण बिंदु में सामाजिक अंकेक्षण के लिए जिला स्तर से गठित टीम द्वारा किया गया।

## आधा दर्जन नेताओं ने की दावेदारी, आवेदन का फार्मेट तय, पूछे जा रहे 11 सवाल

# नया कप्तान चुनने जिले में पहुंचे कांग्रेस पर्यवेक्षक सांसद श्याम कुमार, दावेदार सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कांग्रेस का नया अध्यक्ष चुनने के लिए पैनल तैयार करने का काम करने पहुंचे पर्यवेक्षक महाराष्ट्र के रामटेक से सांसद श्याम कुमार दौलत बारवे एवं सहयोगी मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन पहुंचे, जहां उनके सामने पहले दिन ही दावेदारों ने जमकर शक्ति प्रदर्शन किया। नेता अपने समर्थकों की संख्या अधिक दिखाने की होड़ में लगे रहे। पहले दिन केवल पत्रकार वार्ता के बाद वे साजा विधानसभा के शहरी एवं ग्रामीण नेताओं की बैठक लिए इस दौरान उन्होंने नए संगठन कप्तान पर रायशुमारी की। बैठक स्थल में कांग्रेसियों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

बताया गया कि जिले में पहुंचे पर्यवेक्षक महाराष्ट्र के रामटेक से सांसद श्याम कुमार दौलत बारवे पार्टी आलाकमान के दिए के आधार पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं जिला अध्यक्ष बनने की इच्छा रखने वाले नेताओं से एक खास फार्मेंट वाले आवेदन में जानकारी ली जा रही है। इस आवेदन में कुल 11 सवाल शामिल किए गए हैं। जिसमें आवेदनकर्ता से उसके द्वारा संभाले गए पद से लेकर कांग्रेस में कब से जुड़े है, जैसे सवाल शामिल हैं। कांग्रेसी सूत्रों से मिली जानकारी जिन दावेदारों ने आवेदन जमा किए हैं, उनके बारे में अब कार्यकर्ता और अन्य क्षेत्र के लोगों से फीडबैक भी लिया जाएगा। इधर आज पर्यवेक्षक साजा विधानसभा के दौरे के बाद जिले के नवागढ़ एवं बेमेतरा विस के कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मिलकर नए अध्यक्ष के लिए चर्चा करने वाले हैं।





### इन्होंने की दावेदारी

पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पहले दिन ही थोक में आवेदन जमा हो गए है। परंतु जिला अध्यक्ष के लिए जिन प्रमुख नामों में वर्तमान अध्यक्ष आशीष छाबड़ा,सनतधर दीवान, अयोध्या चंद्राकर,शिशिर शर्मा,विजय बघेल सहित अन्य ने आवेदन जमा किए जाने की जानकारी मिल रही हैं। बताया जा रहा है कि आवेदन जमा करने वाले नेताओं के बारे में फीडबैक लिए जाने के बाद एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उसी आधार पर नया अध्यक्ष तय किया जाएगा। आवेदन करने पहुंचे नेताओं ने पहले दिन ही जमकर शक्ति प्रदर्शन किया।

**व्यापारी, वकील और पत्रकारों से भी चर्चा :** पहली बार होगा, जब कांग्रेस अपने नए जिला और शहर अध्यक्ष की ताजपोशी से पहले कई क्षेत्र के लोगों से उनके फीडबैक लेगी। पर्यवेक्षक अपने दौरे के अंतिम दिन तीन घंटे तक सिविल सोसायटी के सदस्य, बार एसोसिएशन, व्यापारी संघ, प्रेस क्लब के सदस्यों से मिलकर उनकी राय लेंगे।

### नाम, आयु के अलावा पूछ रहे यह सवाल

जिला अध्यक्ष के लिए जावेदन जमा कराए जा रहे हैं। इस आवेदन में नाम, आयु पता के अलावा कुल 11 सवाल शामिल हैं। इनमें संगठनात्मक और चुनावी पृष्ठभूमि के तहत आप कब से कांग्रेस में है? पार्टी में मिला पहला पद और वर्तमान पद की जानकारी

### इस अवधि में संभाले गए पद व दायित्व की वर्षवार जानकारी

- क्या आपको किसी सरकारी पद हेतु नामित किया गया है।
- क्या आपने कभी चुनाव लड़ा है? यदि हां तो कौन से पद के लिए चुनाव?
- क्या आप सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं? यदि हां तो उसका विवरण एवं कब?
- क्या आपने पार्टी द्वारा आयोजित किसी ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा लिया है? यदि हां तो कौन सी ट्रेनिंग
- क्या आपको कमी पार्टी से निष्कासित किया गया है या आपने कभी पार्टी छोड़ी है?
- क्या आपके खिलाफ किसी तरह के आपराधिक मामले दर्ज है? उसके विवरण
- आप जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष क्यों बनना चाहते है? उसके कारण एवं विजन
- संगठनात्मक और चुनावी पृष्ठभूमि के तहत आप कब से कांग्रेस में है?
- पार्टी में मिला पहला पद और वर्तमान पद की जानकारी

आपको पार्टी क्यों अध्यक्ष बनाए

## हायर सेकंडरी स्कूल खंडसरा का सामाजिक अंकेक्षण हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की मंशा के तहत मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 के अंतर्गत स्कूलों के शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु चलाए जा रहे सामाजिक अंकेक्षण अभियान बेमेतरा शिक्षाधिकारी के तय तारीख के अनुसार 8 अक्टूबर को हायर सेकंडरी स्कूल खंडसरा में शालाप्रारंभ समय से समाप्ति तक के गतिविधियों के लिए नियुक्त टीम लीडर सेमरिया प्रभारी प्राचार्य दिनेश देवांगन, नीलम तिवारी प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता खंडसरा ग्राम प्रमुख शरद जोशी, सरपंच फूल बाई मार्कण्डेय, पांच पिंकी यदु, शिक्षाविद पूनम चौहान,अशोक जायसवाल, बुधराम रजक, रमजान अली, दीपक सिन्हा, कमल साहू, देवेन्द्र मार्कण्डेय,सहित पत्रकार राजा सिन्हा, रवेंद्र जायसवाल, अभिभावकों ने शाला संचालन व्यवस्था, शिक्षकों, विद्यार्थियों की उपस्थिति व प्रत्येक कक्षाओं के विद्यार्थीयो से शैक्षणिक स्तर को परखते हुए विद्यालय संसाधनों, विद्यालय भवन विभिन्न गतिविधियों से अवगत होते हुए अंक प्रदान किए जिसे टीम लीडर ने पूर्ण कर गुगल फॉर्म से उच्च अधिकारीयों को गुणवत्ता अभियान से चाही सवालों का जवाब प्रेषित किया। इस दौरान शिक्षक अजय शर्मा, अरविंद सोनी, श्रद्धा चंद्राकर, महादेव कौशल, नीरज पांडे धीवर, दौलत मंडावी, रामकुमार, चिन्ता राम सहित अभिभावकगण उपस्थित रहे।

### ग्रुप लीडर के प्रश्नों का बच्चों ने दिए जवाब



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के मंशानुरूप पूरे राज्य के सरकारी स्कूलों में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण किया जाना है।इसी तारतम्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तिलाईकूड़ा में भी नुतेश्वर चंद्राकर द्वारा किया गया। सर्वेक्षण के दौरान बच्चों से पाठ्यपुस्तक के अलावा सामान्य ज्ञान के भी प्रश्न पूछा गया जिसका जवाब बच्चों द्वारा सहजता से दिया गया।इस अवसर पर रामेश्वर निषाद उपसरपंच सहित एसएमसी सदस्य और संस्था की ओर से निर्मला सिंह,मीनाक्षी सोनवानी सहित डोमेन्द्र पांडेय संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

## सौर पंप खराब, पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण

**नदी या झील से पेयजल लाने मजबूर**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुई कुकदूर

ग्राम कांदावानी अंतर्गत बाहपानी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के पास लगा सौर ऊर्जा संचालित वॉटर पंप पिछले कुछ दिनों से खराब हो गया है, जिससे पूरे मोहल्ले के ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह पंप गांव में पेयजल आपूर्ति का एकमात्र साधन था, जिससे आंगनबाड़ी केंद्र और आसपास के परिवारों की जरूरतें पूरी होती थीं। लेकिन हाल ही में बिजली के कड़कने (गर्जना) के दौरान मोटर जल गई और नीचे गिर गई। इसके बाद से पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप है। जिस पर सरपंच, सचिव ग्राम पंचायत कांदावानी, तुलाराम भट्ट, ग्रामीण रामसाय, सुंदरीबाई, बुधवारिन बाई, जेठी बाई, मनवाई, भूकलू यादव, सुभमल, कोरीबाई, मूनबाई सहित रहवासियों ने बताया कि अब उन्हें प्रतिदिन एक किलोमीटर दूर नदी या झील से पानी लाना पड़ रहा है। जिससे नल का पानी गंदा होने के कारण कई ग्रामीणों की तबियत भी बिगड़ने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने विभाग के अधिकारियों से नया मोटर लगाने की मांग की, तो विभाग ने साफ मना कर दिया। अधिकारियों के अनुसार नया मोटर विभाग से नहीं मिलेगा और इसकी कीमत करीब 90 हजार रुपए है। जिस पर ग्रामवासियों ने विधायक से मांग की है कि आंगनबाड़ी केंद्र बाहपानी के सामने सौर ऊर्जा संचालित पंप में नया मोटर लगवाने की अपील की गई, ताकि ग्रामीणों और बच्चों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा फिर से मिल सके।

## करवा चौथ के लिए बाजारों में रौनक मिट्टी के करवा की बढ़ी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरबसपुर



कवर्धा में करवा चौथ के लिए बाजार में रौनक और सजावट देखने को मिल रही है, जैसे कि प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष त्यौहार के दौरान होता है। इस वर्ष 2025 में करवाचौथ 10 अक्टूबर को है और बाजार में पहले से ही चहल-पहल शुरू हो गई है। कवर्धा बाजार में करवाचौथ की सजावट में मुख्य रूप से सोलह श्रृंगार का सामान, सौंदर्य प्रसाधन, रंगीन चूड़ियां, मेहंदी की सामग्री, मिट्टी और पीतल के करवे, डिजाइनर साड़ियां और लहंगे, पूजा की थालियां, साथ ही सजावटी सामान शामिल हैं, जिनकी खरीददारी के लिए महिलाओं की भीड़ देखी जा सकती है, जिससे बाजारों में रौनक और बढ़ गई है। बाजारों में इन सामाग्रियों की खरीददारी के लिए महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है, जिससे व्यापारियों को अच्छा व्यापार होने की उम्मीद है और उनमें खुशी का माहौल है। करवा चौथ के पर्व की तैयारी के कारण कई दिनों से सूने पड़े बाजार में रौनक लौट आई है, खासकर त्यौहारी सीजन के चलते व्यापारियों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं।

### ब्लॉक कांग्रेस कुण्डा ने बिजली कार्यालय का किया घेराव व तालाबंदी

**कुण्डा।** जिले में बढ़ते बिजली बिल और महंगी बिजली के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कुण्डा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बिजली कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन में पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने जमकर सत्ता सरकार के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिला कांग्रेस कबीरधाम के निर्देशानुसार ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर के नेतृत्व में पूर्व विधायक पंडरिया श्रीमती ममता चंद्राकर एवं पूर्व सदस्य रजक कल्याण बोर्ड भुनेश्वर निर्मलकर के उपस्थिति में प्रदेश में बिजली बिल वृद्धि को कम करने एवं हॉप बिजली बिल योजना पुनः लागू करने भाजपा सरकार के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं बिजली कार्यालय कुण्डा का घेराव कर ताला बंदी किया गया। ब्लॉक कांग्रेस द्वारा बस स्टैंड कुण्डा में सैकड़ों कांग्रेसियों के साथ धरना प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए रैली के रूप में बिजली कार्यालय पहुंचकर कार्यालय का घेराव कर तालाबंदी की गई एवं कनिष्ठ अभियंता को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उक्त धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर, मनोहर टोंडर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थें।

### सैगोना विद्यालय की व्यवस्था उत्कृष्ट बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता संतोषजनक

**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला सैगोना में बुधवार को सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक एवं इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव को विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था, पर्यावरणीय स्थिति और आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों की गहन जांच की गई। अंकेक्षण टीम में सोशल ऑडिट प्रमुख श्रीमती शीलारानी सिन्हा (प्रधान पाठिका, समनापुर), शिक्षिका नीलिमा त्रिपाठी, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती पटेल, तथा ग्राम पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। टीम ने बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन, स्वच्छता और पोषण से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि विद्यालय का अधिगम स्तर अपेक्षित स्तर पर है, बच्चों का सामान्य ज्ञान सराहनीय है तथा शिक्षकों द्वारा नियमित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य किया जा रहा है। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी उत्तम पाई गई और रसोईघर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। विद्यालय परिषर की साफ-सुथरा, सुव्यवस्थित और बच्चों के अनुकूल वातावरण प्रदान करता है।

## मालवाहकों में मवेशियों की तस्करी नौ अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

- खैरागढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

मवेशी तस्करों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत माल वाहकों में मवेशियों की तस्करी करने के मामले में पुलिस ने चार माल वाहक को पकड़ा। इन वाहनों में कुल 10 मवेशी बरामद किए गए। वहीं अंतर्राज्यीय 9 मवेशी तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 7 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के कुछ पशु तस्कर छत्तीसगढ़ से खैरागढ़ होते हुए मध्यप्रदेश की ओर मवेशियों को अलग-अलग पिकअप वाहनों में भरकर क्रूरतापूर्वक कत्ल खाना ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम तैयार की गई तथा बालाघाट रोड पर पिकेट लगाकर वाहनों की सघन जांच शुरू की गई। जांच के दौरान चार माल वाहकों में मवेशियों को ले जाते पकड़ा गया। जिसमें दो वाहनों में दो-दो नग भैंसा व दो वाहनों में तीन-तीन नग भैसा बरामद किया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी हेमराज 42 वर्ष ग्राम डोंगरगांव जिला बालाघाट, लकेश 23 वर्ष ग्राम चोरेगा जिला बलौदाबाजार, छबि वासुदेव 27 वर्ष ग्राम चौरंगा जिला बलौदाबाजार, सातेश 30 वर्ष ग्राम चौरंगा जिला बलौदाबाजार, सागर 21 वर्ष ग्राम चौरंगा जिला बलौदाबाजार, नरेंद्र 26 वर्ष ग्राम डोंगरगांव जिला बालाघाट, नोहर 45 वर्ष ग्राम सावरीखुर्द जिला बालाघाट, संतोष 35 वर्ष ग्राम डोंगरगांव जिला बालाघाट, कृष्णकुमार 26 वर्ष ग्राम डोंगरगांव जिला बालाघाट को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से 10 मवेशी, चार माल वाहक एवं 8 मोबाइल बरामद किया गया है।

## सामाजिक आयोजन में करूणा यादव ने ज्वलंत समस्याओं पर किया ध्यानाकर्षण

# गौवंश रक्षा और नशामुक्ति के लिए मुहिम चलाने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

प्रदेश स्तरीय सर्व यादव महिला सम्मेलन का आयोजन रायपुर के वृन्दावन भवन कटोरातालाब चौक रायपुर में भव्यता के साथ किया गया।

उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि श्रीमती कौशिल्या देवी साय धर्मपत्नी विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनांदगांव से आयोजन में उपस्थित रही करूणा मधुसूदन यादव ने की।

अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बालोद से पधारी मंजू राकेश यादव, जागृति चुन्नी यदु राजनांदगांव, सुलोचना यादव, सविता यादव, प्रतिमा सरजू यादव, ललिता राम यादव, विमला राजेश यादव, रीमा रमेश यादव, भुवनेश्वरी यादव, सरोज यादव उपस्थित रही।





इस आयोजन में राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व करते करूणा मधुसूदन यादव, जागृति चुन्नी यदु सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव, पार्षद खेमिन राजेश यादव एवं माथलडबरी सरपंच मधु यादव उपस्थित रही। आयोजन समिति की ओर से धनमती यादव, किरण यादव, गीता यादव, गीता यादव, पुष्पलता यादव, स्नेहा यादव उपस्थित रही। आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पधारे गणमान्य अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही प्रदेश स्तरीय सर्व यादव महिला टीम के नवीन पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सूची जारी की गई एवं विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा उठाई गई।

### जनजागृति के लिए आयोजन जरूरी : साय

मुख्य अतिथि कौशिल्या देवी साय ने कहा कि यादव समाज भगवान कृष्ण के वंशज हैं। उनके द्वारा इस आयोजन के माध्यम से जनजागृति, धर्म का प्रचार एवं समाज को संगठित करने का कार्य उत्तम कार्य किया जा रहा है। उन्होंने समाज की महिलाओं को सफल आयोजन के लिए बधाई देते अपने पारिवारिक, सामाजिक रिश्तों को सहेजने, संगठित रहने एवं प्रदेश की उन्नति में अपना योगदान एवं सहभागिता देने का आह्वान किया । मिसेस सीएम ने सामाजिक मंच से प्राप्त मुद्दों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर उनका यथाशीघ्र उचित निराकरण करवाने हेतु आवश्वास भी दिया।

### आत्मरक्षा के विषय करें शामिल

अध्यक्षता करते राजनांदगांव की करूणा यादव ने अपने उद्बोधन में मंच से समसामयिक ज्वलंत विषयों पर मिसेस सीएम का ध्यानाकर्षित करते मुख्यमंत्री के माध्यम से समुचित निराकरण करवाने हेतु अनुरोध किया। उन्होंने शालाओं में बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल करने संबंधी, हाईवे सड़क रोड रास्तों पर चरने वाले गौवंश की रक्षा के संबंध एवं प्रदेश में बच्चों, युवा एवं बुजुर्गों में बढ़ रहे नशाप्रवृत्ति पर अंकुश लगाने नशामुक्ति अभियान चलाने का आह्वान किया।

